इन्द्रप्रस्थ महाविद्यालय ने हाल के वर्षों में ऐसी आधुनिक सहायक सामग्री और उपकरण खरीदने में वित्तीय संसाधनों का पर्याप्त मात्रा में उपयोग किया है जिनका प्रयोग कर विकलांग जन अपने प्रदर्शन को सुधार सकते हैं जैसे कि ओ.सी.आर. स्कैनर जैसे विशेष सॉफ्टवेयर से लैस पर्सनल कम्प्यूटर (लैपटॉप और डेस्कटॉप, दोनों ही), 70 से अधिक एंजेल पॉकेट रीडर्स, एक ब्रेल पिंटर और एक लेक्स एयर कैमरा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के लिए उच्च शिक्षा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा एनेबलिंग यूनिट की स्थापना की गई है जिससे कि विकलांग छात्राओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित व्यापक सेवाएं, सहायक उपकरण, आधुनिक यंत्र, आदि उपलब्ध करवाए जा सकें। इसके लिए विशेष रूप से सक्षम प्राध्यापिका का समन्वयक बनाया गया है जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं और इस यूनिट द्वारा की जाने वाली अन्य गतिविधियों का सामान्य पर्यवेक्षण करती हैं।

महाविद्यालय की एनेबलिंग यूनिट द्वारा पूर्ण विकसित सूचना और संचार प्रौद्योगिकी केन्द्र चलाया जाता है जहां विशेष स्क्रीन रीडिंग और ओ.सी.आ. सॉफ्टवेयर से युक्त डेस्कटॉप कम्प्यूटर दृष्टिबाधित छात्राओं और संकाय के लिए उपलब्ध हैं। इस यूनिट के कम्प्यूटर महाविद्यालय की इंटरनेट सुविधा से जुड़े हुए हैं इससे विशेष रूप से सक्षम प्रयोगकर्ता अन्य व्यक्तियों के साथ वेब पर उपलब्ध सूचना का लाभ उठा सकते हैं।

एनेबलिंग यूनिट द्वारा चलाई जाने वाली सामान्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सुविधा के अतिरिक्त प्रत्येक विकलांग छात्रा को नोट बुक/लैपटॉप भी उपलब्ध करवाया गया है। महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक प्रयोजन हेतु

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग पर समय-समय पर कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा विकलांग जनों के लिए प्रायोजित अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने में सदैव आगे रहता है। इन्द्रप्रस्थ महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय के इंक्लूसिव प्रिंट प्रोजेक्ट को पूरी तरह से लागू करने में सबसे पहला कॉलेज रहा है। महाविद्यालय द्वारा लेक्स स्कैनिंग/रीडिंग सॉफ्टवेयर, हिन्दी ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओ.सी.आर. प्रोफेशनल) और ब्रेल फेस, NVDA (लाइसेंस वर्जन) स्थापित किए गए हैं और NVDA के प्रभावी उपयोग के लिए व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यशाला और ''रीडिंग विदआउट सीन्ग'' शीर्षक से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय पॉलिसी और W3C दिशानिर्देशों के अंतर्गत महाविद्यालय की वेबसाइट स्क्रीनरीडर उपयोगकर्ताओं के लिए यथासंभव सुलभ हो गई है। महाविद्यालय की छात्राओं और संकाय के लिए ऑनलाइन-अटेंडेंस पैकेज स्क्रीनरीडर उपयोगकर्ताओं के लिए ही सुलभ नहीं है अपितु उनके लिए सशक्त उपकरण भी बन गया है क्योंकि इससे वे अपनी उपस्थिति और मूल्यांकन के रिकॉर्ड का ऑनलाइन प्रबंधन कर सकते हैं जो इसी कागज पर व्यवस्थित करने से कहीं ज्यादा आसान है।